TEACHERS OF BIHAR

# दैनिक ज्ञानकोश

सीखें-सिखाएं, बिहार को आगे बढ़ायें




teachersofbihar@gmail.com

https://twitter.com/teachersofbihar

https://www.youtube.com/c/teachersofbihar

https://www.facebook.com/teachersofbihar

https://www.linkedin.com/company/teachersofbihar

www.teachersofbihar.org

25 जुलाई 2026

# Teachers of Bihar

The Change Makers

## आज का सुविचार

हर नया दिन एक नया अवसर लेकर आता है, बस उसे पहचानने की जरूरत है।

राकेश कुमार

www.teachersofbihar.org

# Teachers of Bihar
The Change Makers

# शिक्षा शब्दकोश

आज का शब्द 25.07.2026

## गतिविषयक दिव्यांगता

**गतिविषयक दिव्यांगता (Locomotor Disability) वह दिव्यांगता है जिसमें किसी व्यक्ति की हड्डियों, जोड़ों, मांसपेशियों या अंगों (हाथ-पैर आदि) में ऐसी शारीरिक कमी या विकार हो जाता है, जिससे उसे चलने-फिरने, खड़े होने, बैठने, वस्तुओं को पकड़ने या दैनिक कार्य करने में कठिनाई होती है।**

TEACHERS OF BIHAR · THE CHANGE MAKERS

# रोचक तथ्य/सामान्य ज्ञान




जम्मू के **कठुआ** (Kathua) रेलवे स्टेशन का नाम बदल दिया गया है। सरकार ने इसका नाम **शहीद कैप्टेन सुनील कुमार चौधरी** के नाम पर रखा है।

# Teachers of Bihar

The change makers

# अंतर्राष्ट्रीय न्यायिक कल्याण दिवस

**★ 25 जुलाई ★**

न्यायिक अधिकारियों के शारीरिक, मानसिक और सामाजिक कल्याण को बढ़ावा देना न्यायपालिका की स्वतंत्रता, क्षमता और निष्पक्षता को सुदृढ़ करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

## इस दिवस का उद्देश्य

- न्यायिक अधिकारियों के कल्याण के महत्व के प्रति जागरूकता बढ़ाना।
- तनाव प्रबंधन और मानसिक स्वास्थ्य के प्रति संवेदनशीलता को बढ़ावा देना।
- न्यायिक अधिकारियों को बेहतर कार्य-परिवार संतुलन के लिए प्रेरित करना।
- न्यायपालिका की स्वतंत्रता, निष्पक्षता और कार्यकुशलता को सुदृढ़ करना।
- एक सुरक्षित, सहयोगी और सम्मानजनक कार्य परिवेश सुनिश्चित करना।

## न्यायिक कल्याण के प्रमुख आयाम

- शारीरिक स्वास्थ्य और स्वस्थ जीवनशैली
- मानसिक स्वास्थ्य और भावनात्मक संतुलन
- अध्ययन, प्रशिक्षण और कौशल विकास के अवसर
- परिवार के साथ गुणवत्तापूर्ण समय
- सहयोगी और सकारात्मक कार्य वातावरण
- आर्थिक एवं सामाजिक सुरक्षा

Madhu priya

## मजबूत न्यायपालिका, मजबूत समाज

"जब न्यायिक अधिकारी स्वस्थ, संतुलित और प्रेरित होते हैं, तभी वे समाज को न्याय, समानता और विश्वास दिला सकते हैं।"

**आइए, न्याय के प्रहरी – न्यायाधीशों के कल्याण के लिए संवेदनशील बनें और एक सशक्त न्याय व्यवस्था के निर्माण में योगदान दें।**

★ न्याय का सम्मान, न्यायाधीश का कल्याण – यही है सशक्त न्यायिक व्यवस्था की पहचान। ★

/teachersofbihar

TOB
खेल कॉर्नर

# चार बार बदला कॉमनवेल्थ गेम्स का नाम

**1930**
ब्रिटिश एम्पायर गेम्स

**1954**
ब्रिटिश एम्पायर एंड कॉमनवेल्थ गेम्स

**1970**
ब्रिटिश कॉमनवेल्थ गेम्स

**1978**
कॉमनवेल्थ गेम्स



www.teachersofbihar.org

राकेश कुमार

बिहार सरकार

unicef

# मुख्यमंत्री विद्यालय सुरक्षा कार्यक्रम

## (सुरक्षित शनिवार)

RAKESH KUMAR

TEACHERS OF BIHAR — THE CHANGE MAKERS

**माह : जुलाई 2026**

CHILD HELPLINE
1098

| शनिवार | कार्यक्रम/गतिविधि/टिप्पणी |
|---|---|
| 04.07.2026<br>प्रथम शनिवार | बाढ़ से बचाव हेतु कौशल विकास एवं प्रशिक्षण तथा अभ्यास साथ ही जल-जमाव से परेशानियाँ एवं उसके निदान  |
| 11.07.2026<br>द्वितीय शनिवार | डूबने से बचाव की जानकारी  |
| 18.07.2026<br>तृतीय शनिवार | हाथ धुलाई, व्यक्तिगत स्वच्छता, आस-पास की साफ-सफाई, कचरा प्रबंधन की जानकारी एवं अभ्यास  |
| 25.07.2026<br>चतुर्थ शनिवार | वज्रपात से बचाव की जानकारी  |

**सुरक्षित विद्यालय, सुरक्षित भविष्य**

**शिक्षा में सुरक्षा, बच्चों का अधिकार**

**बिहार राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण**

www.teachersofbihar.org

# Teachers of Bihar

The change makers

# 25 जुलाई

25 जुलाई

## का इतिहास, जन्म और निधन

## 25 जुलाई की महत्वपूर्ण घटनाएँ

- **1978** • ओल्डहम (ब्रिटेन) में प्रथम परखनली शिशु का जन्म।
- **1994** • जार्डन के शाह हुसैन और इसायल के प्रधानमंत्री यिंत्जाक रॉबिन ने वाशिंगटन में एक ऐतिहासिक घोषणा पत्र पर हस्ताक्षर किये, चन्द्रमा पर मानव पार्श्वर्पण की रजत जयंती।
- **2001** • कांजरवेटिव मुस्लिम नेता हमजाह हज इंडोनेशिया के नये उप-राष्ट्रपति बने।
- **2004** • पाकिस्तान के परमाणु बैज्ञानिक अब्दुल कादिर ख़ान के तीन सहयोगी रिहा।
- **2007** • प्रतिभा पाटिल ने भारत के 12 वें राष्ट्रपति के रूप में शपथ लिया। वे भारत की प्रथम महिला राष्ट्रपति बनीं।
- **2008** • उत्तर-पूर्व इराक में महिला आत्मघाती हमलावर के विस्फोट में एक नागरिक सहित आठ लोग मारे गए।
- **2017** • गुजरात में बाढ़, 70 से ज्यादा लोग मरे।

## 25 जुलाई को जन्मे व्यक्ति



**1920** गोविन्द नारायण सिंह – मध्य प्रदेश के भूतपूर्व पाँचवें मुख्यमंत्री थे।



**1929** सोमनाथ चटर्जी – प्रसिद्ध राजनीतिज्ञ तथा 'भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी' के प्रमुख नेताओं में से एक थे।



**1922** श्यामाचरण दुबे – भारतीय समाजशास्त्री एवं साहित्यकार थे।



**1894** परशुराम चतुर्वेदी – विद्वान् शोधकर्मी समीक्षक।



**1966** हरसिमरत कौर बादल – भारत की प्रसिद्ध राजनीतिज्ञ, वर्तमान में भारत सरकार के अंतर्गत खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्री।

## 25 जुलाई को हुए निधन

**1880**  गणेश वासुदेव जोशी – सार्वजनिक कार्यकर्ता।

**1956**  गोदावरीश मिश्र – उड़ीसा के प्रसिद्ध समाज सुधारक, साहित्यकार और सार्वजनिक कार्यकर्ता।

**1981**  मनमोहन सूरी – भारतीय यांत्रिक इंजीनियर और केंन्द्रीय यांत्रिक इंजीनियरिंग अनुसंधान संस्थान, दुर्गापुरं के निदेशक थे।

**2012**  बी. आर. इशारा – प्रसिद्ध फिल्म निर्देशक।

*Madhu priya*

"इतिहास हमें प्रेरणा देता है, घटनाएँ हमें सीख देती हैं और व्यक्तित्व हमें आगे बढ़ने की राह दिखाते हैं!"

# Teachers of Bihar

The change makers

★ दिवस विशेष ★

मधु प्रिया

# विश्व आईवीएफ दिवस

WORLD **IVF** DAY

**25 जुलाई**

## आशा, विज्ञान और मातृत्व-पितृत्व की एक नई संभावना

विश्व आईवीएफ दिवस उन सभी दंपतियों के साहस, धैर्य और आशा का सम्मान करने का दिन है, जो माता-पिता बनने के सपने को साकार करने के लिए आईवीएफ जैसी तकनीकों की सहायता लेते हैं।

## आईवीएफ क्या है?

आईवीएफ (इन विट्रो फर्टिलाइजेशन) एक सहायक प्रजनन तकनीक है, जिसमें महिला के अंडाणु और पुरुष के शुक्राणु को प्रयोगशाला में मिलाकर भ्रूण तैयार किया जाता है, फिर उसे महिला के गर्भाशय में स्थापित किया जाता है, ताकि गर्भधारण हो सके।



## आईवीएफ की प्रक्रिया

- अंडाणु और शुक्राणु का संग्रह
- प्रयोगशाला में निषेचन
- भ्रूण का विकास
- भ्रूण का गर्भाशय में स्थानांतरण
- गर्भधारण की संभावना

## आईवीएफ की विशेषताएँ


- निःसंतानता (बांझपन) से जूझ रहे दंपतियों के लिए वरदान
- उम्र, हार्मोनल और अन्य कारणों से गर्भधारण में सहायक
- विज्ञान की अद्भुत प्रगति और मानवीय संवेदनाओं का संगम
- लाखों परिवारों के जीवन में खुशियां लाने वाली तकनीक

"हर सपना सच हो सकता है,
हर उम्मीद को नई उड़ान मिल सकती है।
आईवीएफ से मिलती है
एक नए जीवन की पहचान।"

**आशा को थामे रखें, विज्ञान पर विश्वास रखें,
आईवीएफ के साथ नया जीवन संभव है।**

★★ ज्ञान • सहयोग • संवेदना • विज्ञान से ही बनेगा सशक्त समाज ★★

/teachersofbihar



"संसद केवल बहस की जगह नहीं, बल्कि जनता की आवाज़ को बुलंद करने का मंच है।"
भारत के पूर्व लोकसभा अध्यक्ष
सोमनाथ चटर्जी जी
की
जयंती
25 जुलाई
पर उन्हें
सादर नमन!
जन्म : 19 जुलाई 1929
क्ष भारतीय संसद के एक सशत्तत, निष्पक्ष और अनुशासित नेतूत्व के प्रतीक थे।
उन्होंने संसदीय मर्यादा, लोकतांत्रिक मूल्यों और जनता की आवाज़ को रक्षा के लिए अपना जीवन समर्पित किया।
जनका जीवन लोकतंत्र, संसदीय परंपराओं और संवैधानिक मूल्यों के प्रति समर्पण की प्रेरणादायक मिसाल है।
लोकतंत्र के सच्चे प्रहरी और संसदीय मर्यादा के प्रतीक
सोमनाथ चटर्जी जी को शत्-शत् नमन!
www.teachersofbihar.org
राकेश कुमार

TEACHERS OF BIHAR
THE CHANGE MAKERS

## Teachers Of Bihar Presents

# Smiling Faces Of Bihar



**मध्य विद्यालय सबलपुर**
**राजगीर, नालंदा**

www.teachersofbihar.org

MRITUNJAY KUMAR

TEACHERS OF BIHAR
THE CHANGE MAKERS

Teachers Of Bihar Presents

# Smiling Faces Of Bihar



राजकीय मध्य विद्यालय तेतरिया
तेतरिया, पूर्वी चंपारण

www.teachersofbihar.org

MRITUNJAY KUMAR

TEACHERS OF BIHAR
THE CHANGE MAKERS

## Teachers Of Bihar Presents

# Smiling Faces Of Bihar




**NPS बलरा दुसाध टोली**
**बरौली, गोपालगंज**

www.teachersofbihar.org

MRITUNJAY KUMAR

TEACHERS OF BIHAR

THE CHANGE MAKERS

Teachers Of Bihar Presents

# Smiling Faces Of Bihar



मध्य विद्यालय झपहां उर्दू
परिहार, सीतामढ़ी

www.teachersofbihar.org

MRITUNJAY KUMAR